कार्यवृत्त

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागारों के निदेशकों/प्रमुखों की बैठक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पुरालेखीय भंडारों, सरकारी पुस्तकालयों और संग्रहालयों को वित्तीय सहायता स्कीम

26 अप्रैल 2018

राष्ट्रीय अभिलेखागार

जनपथ, नई दिल्ली-110001

राष्ट्रीय अभिलेखागार

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुरालेखीय भंडार गृहों, सरकारी पुस्तकालयों और संग्रहालयों को वित्तीय सहायता स्कीम

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागारों के निदेशकों/प्रमुखों की बैठक का कार्यवृत्त

2018

निदेशकों/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागार प्रमुखों और अनुदान समिति के सदस्यों की बैठक 26 अप्रैल, 2018 को 11.30 बजे राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली में श्री प्रीतम सिंह, महानिदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार, संस्कृति मंत्रालय की अध्यक्षता में हुई।

अनुदान समिति के निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :

1.	श्री प्रीतम सिंह, महानिदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली	:	अध्यक्ष
2.	सुश्री दीपिका पोखराना, निदेशक, ए. एंड ए., संस्कृति मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001	:	सदस्य
3.	डा. एम.ए. हक उप-निदेशक, अभिलेखागार, राष्ट्रीय अभिलेखागार	:	सदस्य-सचिव

निम्नलिखित निदेशक/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के प्रमुख अथवा प्रतिनिधि उपस्थित थे :

1. श्री ए. राजप्पा
   सहायक आयुक्त, तमिलनाडु राज्य अभिलेखागार और अनुसंधान संस्थान,
   एगमोर-6, चेन्नई

2. डा. डी. सोनोवाल
   निदेशक,
   असम राज्य अभिलेखागार, गुवाहाटी,
   नई दिल्ली-110001

3. सुश्री यशोदा भंडारी
   सचिव,
   संस्कृतिक कार्य एवं धरोहर विभाग,
   सिक्किम

4. सुश्री प्रतिमा श्रीवास्तव,
   अपर निदेशक,
   पर्यटन/संस्कृति अभिलेखागार,
   पंजाब

5. सुश्री रोशनी पुरी,
   प्रबंधक परियोजनाएं,
   पंजाब धरोहर एवं पर्यटन संवर्धन बोर्ड,
   पंजाब

6. श्री संजय गर्ग,
   पुरालेखपाल, दिल्ली राज्य अभिलेखागार,
   दिल्ली

7. श्री लाल्टा प्रसाद
   निदेशक,
   उत्तराखंड राज्य अभिलेखागार,
   उत्तराखंड

8. डा. राजवंती मान
   उप-निदेशक,
   हरियाणा राज्य अभिलेखागार,
   पंचकुला, हरियाणा

9. डा. महेन्द्र खड़गावत
   निदेशक,
   राजस्थान राज्य अभिलेखागार,
   बीकानेर, राजस्थान

10. डा. गविसिद्दयाह
    पुरालेखपाल,
    कर्नाटक राज्य अभिलेखागार,
    बंगलौर

बैठक में डा. (श्रीमती) रितु राजीव, सहायक निदेशक, अभिलेखागार (अनुदान), राष्ट्रीय अभिलेखागार भी उपस्थित थीं।

अनुदान समिति द्वारा 28 फरवरी 2018 को हुई इसकी दूसरी बैठक में यह सुझाव दिया गया था कि राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागारों के सभी प्रमुखों और अनुदान समिति के सभी सदस्यों के साथ अप्रैल 2018 में उनके साथ इंटरएक्टिव सेशन करने हेतु एक बैठक आयोजित की जाए। इसके अलावा, समिति ने आयुक्त, तमिलनाडु राज्य अभिलेखागार, चेन्नई को उनकी रिकार्ड होल्डिंग्स और राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा जारी अनुदान राशि से किए गए कार्य पर प्रस्तुतीकरण देने की इच्छा व्यक्त की। 26 अप्रैल 2018 को राष्ट्रीय अभिलेखागार में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के अभिलेखागारों के प्रमुखों/अधिकारियों और अनुदान समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक बुलाई गई। बैठक में लंबित उपयोगिता प्रामणपत्रों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

थिरू ए. राजप्पा, सहायक आयुक्त, तमिलनाडु राज्य अभिलेखागार, चेन्नई ने तमिलनाडु अभिलेखागार की रिकार्ड होल्डिंग्स और राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा प्रदत अनुदान से पूरा किए गए कार्य के बारे में एक प्रस्तुतीकरण दिया।

पुरालेखपाल, दिल्ली राज्य अभिलेखागार ने राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संचालित अन्य स्कीमों अर्थात् पांडुलिपियों, दुर्लभ पुस्तकों, पुराने एवं दुर्लभ दस्तावेजों, ऐतिहासिक अभिलेखों के परिरक्षण एवं संरक्षण हेतु वित्तीय सहायता स्कीम के लिए राष्ट्रीय अभिलेखागार में प्रस्ताव प्राप्त किए जाने की समय-सीमा 60 दिन से बढ़ाकर 90 दिन करने का सुझाव दिया है जिससे कि राज्य स्तरीय जांच समिति (एस एल एस सी) को संबंधित स्वैच्छिक पंजीकृत संगठन और व्यक्तियों के प्रस्तावों को उनकी अनुशंसा के साथ राष्ट्रीय अभिलेखागार अग्रेषित करने से पहले निरीक्षण हेतु कम से कम 30 दिन का समय मिल जाए।

पुरालेखपाल, कर्नाटक राज्य अभिलेखागार ने संस्था प्रमुख द्वारा प्रमाणित उपयोगिता प्रमाणपत्र स्वीकार करने का अनुरोध किया है क्योंकि उन्हें अनुदान के उपयोग के पश्चात संबंधित राज्य के लेखापरीक्षा विभाग से लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र प्राप्त करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस सुझाव का राज्य/यूटी के अन्य प्रतिनिधियों ने समर्थन किया।

निदेशक, उत्तराखंड राज्य अभिलेखागार, देहरादून ने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय अभिलेखागार के स्थापना दिवस अर्थात् 11 मार्च को भारत सरकार द्वारा अभिलेख दिवस के रूप में घोषित किया जाए।

(डा. एम. ए. हक)
उप-निदेशक
राष्ट्रीय अभिलेखागार
और सदस्य सचिव, अनुदान समिति

(प्रीतम सिंह)
महानिदेशक
राष्ट्रीय अभिलेखागार
और अध्यक्ष, अनुदान समिति

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 7 मई 2018